**राष्ट्रीय स्वयं सेवक एकत्रीकरण में सरकार्यवाह होसबाले के उद्गार...**

# जातिवाद और छुआछूत हिंदू समाज पर कलंक





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को भोपाल में जातिवाद और छुआछूत को हिंदू समाज पर कलंक बताया। लाल परेड ग्राउंड में संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित शाखा संगम और स्वयंसेवक एकत्रीकरण में उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर होने वाला भेदभाव समाज को कमजोर करता है। इसे कानून या केवल उपदेश से नहीं, बल्कि अपने घर और व्यवहार में बदलाव से समाप्त करना होगा। होसबाले ने कहा कि समाज की सेवा और राष्ट्रभक्ति केवल स्वयंसेवकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। संकट के समय समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से कानून के डर से नहीं, बल्कि कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सामने आने वाले प्रश्न किसी एक वर्ग या बिरादरी के नहीं, बल्कि सभी के हैं। जाति, पंथ, भाषा और प्रांत के आधार पर अलगाव से समाज की शक्ति कमजोर होती है। जागृत और संगठित समाज ही देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में भोपाल विभाग के पांच जिलों से करीब 30 हजार स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। होसबाले ने पर्यावरण संरक्षण को भी व्यवहार में उतारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल मंच से प्रस्ताव पारित करने से पर्यावरण की रक्षा नहीं होगी। घर, स्कूल, कार्यस्थल और बस्ती में पौधे लगाने, ऊर्जा का उपयोग कम करने और नदियों को स्वच्छ रखने जैसे प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि देशभक्ति किसी एक दिन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह 24 घंटे की भावना होनी चाहिए। गांव, मोहल्ले और बस्ती में निस्वार्थ भाव से समाज को संगठित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे संघर्षों के बावजूद हर संकट के बाद उठकर खड़ा हुआ है और समाज में समस्याओं का सामना करने का सामर्थ्य बनाए रखना जरूरी है।

## आईटी पार्क से युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर : मुख्यमंत्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में आईटी क्षेत्र के विकास के लिए आईटी पार्क एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके माध्यम से युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन और इंदौर को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन शहरों में आधुनिक अधोसंरचना, तकनीकी सुविधाओं और उद्योगों के विस्तार के लिए विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। आईटी क्षेत्र के विस्तार से प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईटी पार्क परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। इसके लिए करीब 2.16 हेक्टेयर भूमि निर्धारित की गई है। परियोजना में 15,480 वर्गमीटर बिल्ट-अप एरिया का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें 11,436 वर्गमीटर क्षेत्र आईटी कंपनियों के लिए आरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने इंदौर रोड पर निर्माणाधीन पीएम एकता मॉल और महाकाल भक्त निवास की प्रगति की जानकारी भी ली।

## पायल मेहता के निधन पर शोक व्यक्त

**भोपाल नप्र :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ पत्रकार सुश्री पायल मेहता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि सुश्री पायल मेहता के देहावसान का समाचार अत्यंत दुखद है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी सक्रियता एवं संवेदनशीलता सदैव स्मरणीय रहेगी। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने पत्रकार स्व. सुश्री मेहता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को इस गहन दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पत्रकार सुश्री पायल मेहता नई दिल्ली में संसद की कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग करती थीं। रविवार की सुबह उनका आकस्मिक निधन हो गया।

## स्टाइपेंड वृद्धि पर इंटर्न डॉक्टरों ने उप मुख्यमंत्री का जताया आभार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड में वृद्धि किए जाने के निर्णय पर उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया। इंटर्न डॉक्टरों के प्रतिनिधि डॉ. साकेत रायपुरिया और करण पटेल ने डीन एवं सुपरिटेंडेंट के साथ रीवा निवास पहुंचकर उप मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इंटर्न डॉक्टरों ने कहा कि सरकार की इस सकारात्मक पहल से प्रदेश के हजारों इंटर्न डॉक्टरों को राहत मिली है। उन्होंने चिकित्सा विद्यार्थियों और युवा चिकित्सकों की समस्याओं को समझने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

## नीमच में जल्द शुरू होगा एयरपोर्ट बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नीमच में शीघ्र ही एयरपोर्ट बनाया जाएगा। साथ ही खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में एक लाख से अधिक शासकीय भर्तियां की गई हैं।

आगामी ढाई वर्षों में साढ़े तीन लाख से अधिक भर्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को नीमच के अग्रोहा भवन में आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश का शिक्षा बजट करीब पांच हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 38 हजार करोड़ रुपये हो गया है। प्रदेश का कुल बजट भी बढ़कर 4 लाख 48 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय एक लाख 70 हजार रुपये से अधिक हो गई है और बिजली उत्पादन 32 हजार मेगावाट से अधिक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीता परियोजना के तहत नीमच के खिमला क्षेत्र में मादा चीता को छोड़ा जा रहा है। उन्होंने इसे जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा की जयंती पर किया नमन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पंडित श्री राम शर्मा की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि पं. श्रीराम शर्मा ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना व चारित्रिक उत्थान के प्रयासों से लोक कल्याण को आपने नई दिशा दी। उन्होंने आधुनिक व प्राचीन विज्ञान और धर्म का समन्वय कर सबकी आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया।




### • माननीय के विरोध पर झापड़...

सत्ताधारी दल के एक माननीय अपने क्षेत्र के दौरे पर थे। जनता फूल बरसाने की जगह नारेबाजी करने लगी। माननीय तो गाड़ी रोककर ग्रामीणों को जमकर फटकार लगाई, लेकिन समर्थक सहयोगी को यह नागवार गुजरा। उन्होंने ग्रामीण को झापड़ रसीद कर दिया। अब हंगामा हो रहा है।








### • साहब का आयोजन...

पिछले दिनों एक पूर्व पार्टी पदाधिकारी ने जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक भव्य आयोजन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन कुछ बड़े चेहरों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है।

### • पिटाई की चर्चा...

भोपाल संभाग के एक माननीय के उनके क्षेत्र में कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अभद्रता कर अपने ही माननीय का मानमर्दन किया। पूरे प्रदेश में इस बात की चर्चा है, लेकिन माननीय कौन हैं, यह किसी को पता नहीं है।






### • भाई साहब, हमें भी मौका दीजिए...

केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा बहुत जोरशोर से चल रही है। ऐसा माना जा रहा है कि जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, उन राज्यों से केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान बढ़ाया जा सकता है। लेकिन मध्यप्रदेश के एक माननीय अपने लिए मौका तलाशने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं और प्रयास कर रहे हैं कि उन्हें मौका मिले।

### • तड़फड़ाहट बढ़ती जा रही है...

ऐसा माना जा रहा है कि सामने लड्डू, रसगुल्ला रखा है, लेकिन खाना मना है। समय कम है, खराब होने का भय लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार ने जिम्मेदारी तो दी, लेकिन अधिकृत होने के लिए सामूहिक आयोजन के इंतजार में बैठे सभी माननीय मलाई पर नजरें जमाए बैठे हैं।







### • जिम्मेदारी और तरफदारी...

प्रदेश के महत्वपूर्ण जिम्मेदार पदों पर बैठे दो माननीयों का इन दिनों समय खराब चल रहा है। दोनों के विभागों से कोई न कोई ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों वाली सरकार की उज्ज्वल छवि को प्रभावित कर रही हैं।

## राज्य अधिवक्ता परिषद में लगातार छठवीं 'विजय', चौधरी का सम्मान

- भोपाल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत भी सम्मानित
- विजय चौधरी ने अपने पुरुषार्थ से समय की गति को स्थिर कर दिया है



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में लगातार छठवीं बार जीत का परचम लहराने वाले प्रख्यात अधिवक्ता विजय चौधरी का भोपाल जिला अदालत में अधिवक्ताओं द्वारा सम्मान किया गया। इसके साथ ही भोपाल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार के डी शर्मा इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री चौधरी भोपाल के बिरले अधिवक्ता हैं जो वर्ष 1999 से लगातार राज्य अधिवक्ता परिषद में निर्वाचित होते आ रहे हैं। साथ ही करीब दो दशक तक परिषद की एक्जीक्यूटिव बॉडी के चेयरमैन भी रहे हैं। सम्मान स्वरूप श्री चौधरी को शाल और पुष्पहार के अलावा विशाल दीवार घड़ी भेंट की गई,जो इस बात की प्रतीक थी कि 77 वर्षीय श्री चौधरी ने अपने पुरुषार्थ से समय की गति को स्थिर कर दिया है। वर्तमान चुनाव में अभी तक घोषित परिणामों में श्री चौधरी राजधानी से निर्वाचित होने वाले एकमात्र अधिवक्ता हैं।

कार्यक्रम में हाल ही में सम्पन्न भोपाल बार एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत को भी सम्मानित किया गया।श्री रावत दूसरी बार भोपाल बार के अध्यक्ष चुने गए हैं। इस अवसर पर अधिवक्तागण सर्वश्री दिनेश भार्गव, संजय गुप्ता, रफीक खान, प्रियनाथ पाठक, जसराम प्रजापति, उमर खान और सूरज अहिरवार उपस्थित थे।

## गरिमा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रदेशभर में गरिमा और सम्मान के साथ मनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों ने अपने ज्ञान, अनुभव और परिश्रम से परिवार, समाज तथा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन के लिए संवेदनशील एवं सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना सभी का दायित्व है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण आयुक्त के.जी. तिवारी ने सभी जिला कलेक्टरों, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा विभागीय अधिकारियों को आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2026 की निर्धारित थीम के अनुरूप जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वृद्धाश्रमों में निवासरत तथा अन्य वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और अभिनंदन किया जाएगा। उनसे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली जाएगी।

वृद्धजनों की सक्रिय सहभागिता के लिए कैरम, लूडो, शतरंज, गीत-संगीत सहित विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वरिष्ठ नागरिकों को मोबाइल फोन, इंटरनेट, डिजिटल सेवाओं और कंप्यूटर के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के समन्वय से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। इनमें रक्तचाप, मधुमेह और नेत्र परीक्षण सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जिलों में 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हित कर 'शतायु सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

## आरपीएफ के स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेलवे सुरक्षा बल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि रेलवे सुरक्षा बल की सेवा भावना, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा अभिनंदनीय है। 'यशो लभस्व' के पावन ध्येय के साथ इस बल के जवानों के समर्पित प्रयासों से ही यात्रियों की यात्रा सुखद और सुरक्षित तरीके से पूरी होती है।

**आयोजन** | *विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा 'अनुभवात्मक अध्यापक विकास कार्यक्रम'...*

## विद्यार्थी का समग्र विकास ही शिक्षा का उद्देश्य : परमार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को समझकर उसके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। प्राध्यापकों को विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और आवश्यकताओं को समझते हुए शिक्षण करना चाहिए।

विद्यार्थी को समग्रता से समझे बिना शिक्षा अपने व्यापक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकती। श्री परमार रविवार को भोपाल स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के सभागृह में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 'अनुभवात्मक अध्यापक विकास कार्यक्रम' के क्षेत्रीय प्रशिक्षण-सह-अभिमुखीकरण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राध्यापक केवल विषय का ज्ञान देने तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान, व्यवहार, संवेदना, कौशल और जीवन-मूल्यों के विकास में सहभागी बनें। अनुभवात्मक शिक्षण विद्यार्थियों को ज्ञान को जीवन से जोड़ने और उसे व्यवहार में उतारने की क्षमता प्रदान करता है। शिक्षक का दायित्व विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में अहिंदी भारतीय भाषाओं को क्रेडिट के साथ विद्यार्थियों को पढ़ाने की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। भारतीय भाषाओं का ज्ञान भाषाई अपनत्व और राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचकोशात्मक विकास एवं पंचपदी शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्राध्यापकों को अनुभव आधारित और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण के लिए उन्मुख करना है। 21 से 24 सितंबर तक देशभर से आए प्रतिभागी मध्यप्रदेश में विद्या भारती द्वारा संचालित 31 विद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण और अनुभव प्राप्त करेंगे।

